AnkitGram
SEWADHAM ASHRAM
EST.1989
DAILY HIGHLIGHTS
Wednesday, 2 April, 2025

36 वर्षों से, अंकितग्राम सेवाधाम आश्रम मानवता की सेवा में निरंतर कार्यरत है व हम आपको दैनिक मुख्य गतिविधियों की जानकारी पहुँचाने का प्रयास करेंगे। कृपया हमें अपने सुझाव और मार्गदर्शन देकर सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

पंचायत सचिव को तत्काल ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर उपलब्ध कराया

पंचायत सचिव राहुल पारसिया के पिताजी को तत्काल ऑक्सीजन की आवश्यकता होने पर उन्हें ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर उपलब्ध कराया गया, जो हमें CREDAI इंदौर से श्री दीपक गोविंद जी अग्रवाल के माध्यम से मिला था।

95 वर्षीय युवा सम्राट श्री धर्मपाल जी सैनी आज सेवाधाम पधारे

डिमरपाल गांव, बस्तर में माता रुक्मिणी सेवा संस्थान के माध्यम से लाखों बेटियों का जीवन संवारने वाले और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सेवा कार्य करने वाले महान व्यक्तित्व **95 वर्षीय युवा सम्राट श्री धर्मपाल जी सैनी** ने आज सेवाधाम की बेटियों से मुलाकात कर उन्हें प्रेरित किया और मार्गदर्शन प्रदान किया।

हम वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त लोगों को इस पुण्य कार्य में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। आप आश्रम में अपना समय दे सकते हैं और विभिन्न क्षेत्रों के अनुभव आश्रम के लोगों के साथ साझा कर सकते हैं।

एक वृद्ध आश्रमवासी का गिरने से फ्रैक्चर हो गया, जिसके बाद उनका तुरंत इलाज कराया गया।

आश्रम प्रवेश के लिए अनुरोध

कल अलग-अलग स्थानों से 6 लोगों के आश्रम में प्रवेश के लिए अनुरोध आए, लेकिन सुधीर भाई ने फिलहाल इन्हें लंबित रखा है।

सेवाधाम का संजीवनी स्पर्श: मरणासन्न राम सिंह जी को नया जीवन





दिनांक 3 मार्च 2025 को **श्री नीरज कुमार सिंह, IAS, कलेक्टर उज्जैन** द्वारा **साबिर अहमद सिद्दीकी जी (सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग, उज्जैन)** के माध्यम से, एवं **श्री शंकर लालवानी जी**, संसद सदस्य - लोकसभा, इंदौर और **श्री मधु वर्मा, विधायक - मध्यप्रदेश विधानसभा**, की अनुशंसा से, राम सिंह देव (पिता - गजाधर सिंह देव, उम्र - 78 वर्ष, निवासी - बिहार) को मरणासन्न स्थिति में आश्रम में भर्ती कराया गया। उनके शरीर पर अनेक घाव थे जिनकी ड्रेसिंग सुधीर भाई ने करी।

पूर्व में श्री राम सिंह जी की जांघों की हड्डी का ऑपरेशन हुआ था और रॉड डाली गई थी, पर घाव और डायबिटीज की जटिलता के कारण रॉड बाहर निकल रही थी। आश्रम ने तत्काल उज्जैन सिविल अस्पताल भेजा, जहां से 19 मार्च 2025 को इंदौर M.Y. हॉस्पिटल स्थानांतरित किया गया।

1 अप्रैल 2025 को उनका दोबारा ऑपरेशन किया गया और 2 अप्रैल 2025 को अस्पताल से डिस्चार्ज कर पुनः आश्रम लाया गया। हालांकि वे पूरी तरह स्वस्थ नहीं हुए थे, फिर भी आश्रम के सहयोगियों ने चौबीसों घंटे सेवा कर उनकी देखभाल करी। श्री राम सिंह देव की स्थिति अभी भी नाज़ुक है पर वो पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं।

योगदान: आश्रम के बच्चों के लिए विशेष भोजन

सामाजिक कार्यकर्ता सैफ चौहान की प्रेरणा से, उनकी मित्र हर्षा प्रजापत ने अपने पति की स्मृति में आश्रम के बच्चों के लिए विशेष भोजन उपलब्ध कराया और आश्रम के बच्चों के साथ समय भी बिताया।

www.ankitgramsewadhamashram.org contact@ankitgramsewadhamashram.org 9425092505 | 7987768019